एक नजर में

महाराष्ट्र ले जाते गौवंशों से भरी पिकअप पकड़ी

धार, 06 जनवरी. मध्यप्रदेश में धार जिले के धामनोद थाना क्षेत्र में गोरक्षकों की सतर्कता से महाराष्ट्र ले जाए जा रहे गौवंशों से भरी एक पिकअप वाहन को पकड़ा गया. गोरक्षकों की तत्परता से गौवंशों को सुरक्षित बचा लिया गया. बजरंग दल धार जिले के सह गोरक्षक प्रमुख मोहन, निवासी ग्राम धानी को सूचना मिली थी कि धार की ओर से पिकअप में गौवंश भरकर ले जाया जा रहा है. सूचना पर मोहन अपने साथियों प्रदीप पिता कैलाश नायक, मनीष नायक और शुभम पिता गजानंद डावर के साथ रात करीब एक बजे धार फाटा स्थित नागौरी ढाबे के पास सिरसोदिया, धामनोद पहुंचे.

रामेश्वर ने हिंदुओं से 3 बच्चे करने की अपील की

भोपाल,6 जनवरी. हुजूर विधानसभा से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने हिंदुओं से तीन बच्चे करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि तीन बच्चे होना अपराध नहीं है और देश को बढ़ते जनसंख्या संकट से बचाने के लिए यह जरूरी है. उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि कुछ परिवार पांच से अधिक बच्चे पैदा कर रहे हैं, जिससे समाज और देश पर असर पड़ रहा है. विधायक का यह बयान उस समय आया जब यह माना जा रहा था कि कैबिनेट बैठक में सरकारी नौकरियों में दो बच्चों की अनिवार्यता को खत्म करने का प्रस्ताव आ सकता है. हालांकि, बैठक में ऐसा कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ. उन्होंने यह भी कहा कि आजकल युवा शादी देर से कर रहे हैं और कई परिवारों में बच्चों की संख्या कम हो रही है. रामेश्वर शर्मा का मानना है कि तीन बच्चों का परिवार बनाए रखना समाज और देश दोनों के लिए फायदेमंद होगा और यह हिंदुओं की सामाजिक जिम्मेदारी भी है.

17 हजार करोड़ से बनेगी ग्रामीण सड़कें

कैबिनेट में लिया फैसला, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना वर्ष 2031 तक जारी रहेगी

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 6 जनवरी. प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना के तहत अगले पांच वर्ष में 17196 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे. इस दौरान प्रदेश में 20 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बनाई जाएंगी. इनमें 12 सौ से अधिक पुल भी शामिल है.

कैबिनेट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना को अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक बरकरार रखने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. इसी के साथ अगले पांच वर्ष में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाने का रास्ता साफ हो गया है. इसी क्रम में इसी योजना के तहत सड़कों का नवीनीकरण एवं उन्नयन के काम को भी इस अवधि तक बरकरार रखा जाएगा, जिसे मंजूरी दे दी गई है. इस पर 10 हजार 196 करोड़ 42 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है, वहीं योजना में 88 हजार 517 किमी सड़कों का नवीनीकरण एवं उन्नयन किया जाएगा. इसी तरह कैबिनेट ने ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के तहत संचालित पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान यानी पीएम जनमन योजना को भी एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक निरंतर बनाये रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. इस योजना के तहत बैगा, भारिया, सहरिया बहुल 22 जिलों में 1,039 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा, साथ ही 112 पुल भी बनाए जाएंगे.

बुरहानपुर : सिंचाई परियोजनाओं को हरी झंडी

कैबिनेट ने बुरहानपुर जिले की खकनार तहसील की झिरमिटी मध्यम सिंचाई परियोजना लागत 922 करोड़ 91 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है. परियोजना से 42 ग्रामों की 17 हजार 700 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी, जिससे 11 हजार 800 कृषक परिवार लाभांवित होंगे. इसी तरह नेपानगर तहसील की नावथा वृहद सिंचाई परियोजना को भी हरी झंडी दी गई है. इस परियोजना की लागत 1,676 करोड़ 6 लाख रुपये है. इस परियोजना से खकनार तहसील के 90 ग्रामों की 34 हजार 100 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी और 22 हजार 600 कृषक परिवारों को लाभ मिलना अनुमानित है।

एनवीडीए की परियोजनाएं कंपनी के दायरे में

कैबिनेट ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के तहत सिंचाई परियोजनाओं के तेजी से क्रियान्वयन के लिए नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के माध्यम से वित्त पोषित करने की मंजूरी दी है. स्वीकृति अनुसार नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई वे परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड द्वारा वित्तीय व्यवस्था कर पूर्ण कराया जा रहा हैं. उसका सम्पूर्ण स्वामित्व नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड का होगा. इन परियोजनाओं में राज्य शासन द्वारा बजट प्रावधान के माध्यम से व्यय की गई राशि के समतुल्य अंश पूजी कंपनी द्वारा राज्य शासन को जारी किए जाएंगे.

धमकाने वाले बमबाज भाइयों समेत चार गिरफ्तार

चुंगी चौकी में दो बार हुई बमबाजी, सात आरोपी बने

जबलपुर, 6 जनवरी. घमापुर थाना चुंगी चौकी में बमबाजी करने वाले कांग्रेस पार्षद के दो भाइयों और दो गुर्गों को गिरफ्तार कर लिया. जिन्हें मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है.

चुंगी चौकी में रविवार और सोमवार की रात्रि बमबाजी हुई थी जिसमें दो एफआईआर दर्ज हुई है जिसमें सात आरोपी बने है. पुलिस ने बताया कि नीलम थदानी 27 वर्ष निवासी भगवान टेंट हाउस चुंगी चौकी घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रविवार को उसका भाई जय थदानी दुकान बंद कर रहा था उसी समय हर्ष ठाकुर, यश ठाकुर उसके भाई को रोड़ में गाली गलोज करते हुये निकले, उसके भाई ने गाली देने से मना किया तो यश ठाकुर, हर्ष ठाकुर, भैया लाल ठाकुर, छोटू ठाकुर गाली गलौज करते हुये बोले कि आज बच न पाये तभी यश ठाकुर ने पत्थर से मारा जो उसकी छोटी बहन जेसमीन थदानी को लगा, सभी लोग ईंट पत्थर मारने लगे, यश ठाकुर ने बम फैंका जो उसकी दुकान के सामने गिर कर फूट गया अन्य सभी लोगों ने पत्थरबाजी की जिससे घर की खिड़की एवं दरवाजे के कांच टूट गये, उसके पिता महेश थदानी आये तो उनके साथ भी झूमाझपटी की. मां पूनम थदानी, भाई जय थदानी ने उन लोगों को भगाने के लिये ऊपर से पानी फेंके. पुलिस ने रिपोर्ट पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है.

पुलिस ने कांग्रेस पार्षद जीतू ठाकुर के भाई भैया लाल ठाकुर, छोटू ठाकुर समेत यश ठाकुर, हर्ष ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है. जबकि समर्थ सिंह ठाकुर, ऋषभ वर्मा, अभि फरार है जिनकी तलाश जारी है. पुलिस जब आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले गई तो बड़ी संख्या में समर्थक पहुंच गए थे इसके बाद जब उन्हें कोर्ट मं पेश किया तो इस दौरान भी आरोपियों के समर्थकों की बड़ी संख्या में भीड़ पहुंची थी जो ओमती थाने और कोर्ट के बाहर खड़ी हुई थी.

गंगा मिशन के तहत 30 करोड़ से चीलर नदी की होगी सफाई

शाजापुर, 6 जनवरी. नगरपालिका ने शहर के बीच से बहने वाली चीलर नदी को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए एक बड़ी योजना तैयार की है. इसके लिए 30 करोड़ रुपए की डीपीआर बनाकर मध्य प्रदेश सरकार को भेजी गई है.

मंगलवार को नदी की सफाई और उसमें गिरने वाले गंदे नालों को रोकने को लेकर विचार करने के लिए जल गंगा मिशन से सेवानिवृत्त अधिकारी ने भी नदी का निरीक्षण किया और इसके बचाव के उपाय बताए. जल गंगा मिशन के सेवानिवृत्त अधिकारी देवेंद्रसिंह ढपौला को शाजापुर बुलाया गया था. नगरपालिका के बुलावे पर ढपौला ने चीलर नदी का निरीक्षण किया और पानी की जांच रिपोर्ट भी देखी. निरीक्षण के बाद ढपौला ने बताया कि फिलहाल चीलर नदी का पानी बहुत ज्यादा खराब नहीं है और इसे आसानी से साफ किया जा सकता है. उन्होंने सुझाव दिया कि नदी में मिलने वाले गंदे नालों को सीवरेज लाइन से जोड़ा जाए, ताकि गंदा पानी सीधे नदी में न गिरे. इसके साथ ही घरों से निकलने वाले गंदे पानी को भी नदी में जाने से रोकने की योजना बनाई जाएगी. अधिकारी के इन उपायों से चीलर नदी को दोबारा साफ और जीवित किया जा सकता है.

वित्तीय वर्ष के नौ माह में 4.75

टिकट जांच अभियान से 30 .48 करोड़ का राजस्व

भोपाल,6 जनवरी. पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष में टिकट जांच अभियान के माध्यम से बड़ी उपलब्धि हासिल की है.

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में चलाए गए सघन टिकट जांच अभियानों के तहत अप्रैल से दिसंबर 2025 तक कुल 4.75 लाख मामलों को पकड़ा गया. इन अभियानों से अतिरिक्त किराया और जुर्माने के रूप में मंडल को 30 करोड़ 48 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है.

रेलवे द्वारा यह अभियान यात्री गाड़ियों और स्टेशनों पर समय-समय पर चलाया गया, जिसमें बिना टिकट यात्रा करने, अनबुक्ड लगेज तथा अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई. केवल दिसंबर माह की बात करें तो भोपाल मंडल के टिकट निरीक्षकों ने 58,732 मामलों को पकड़ा, जिससे रेलवे को 3 करोड़ 77 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ.

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे बिना टिकट यात्रा न करें और उचित टिकट लेकर ही सफर करें.

प्रशासन का कहना है कि टिकट लेकर यात्रा करना न केवल नियमों का पालन है, बल्कि सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा के लिए भी आवश्यक है. पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल द्वारा वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के समन्वय से यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए टिकट जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे. रेलवे प्रशासन का उद्देश्य नियमों का पालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ यात्रियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रेल यात्रा उपलब्ध कराना है.

एनसीएल की मेजबानी में कोल इंडिया अंतर कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट का हुआ भव्य आगाज

एनसीएल निदेशक रजनीश नारायण ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 6 जनवरी। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल के अमलोरी क्षेत्र में आज दिन मंगलवार को कोल इंडिया अंतर कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट का भव्य आगाज़ हुआ।

उद्घाटन समारोह में एनसीएल निदेशक रजनीश नारायण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और सौहार्द के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने खेलों के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास से संबंध पर प्रकाश डालते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी अनुषंगी कंपनियों सहित कुल 11 टीमें भाग ले रही हैं। आगामी 8 जनवरी तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में एसईसीएल, एससीसीएल, एमसीएल, डब्ल्यूसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल, सीएमपीडीआईएल, सीआईएल, एनईसी और मेजबान एनसीएल शामिल हैं। प्रतियोगिता में 119 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें 18 महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट में कुल 6 श्रेणियां जिनमें पुरुष एकल, पुरुष युगल, महिला एकल, महिला युगल, वेटरन एकल और वेटरन युगल शामिल हैं, में मैचों का आयोजन किया जा रहा है। टीम चैंपियनशिप के लिए टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है, जिसमें पूल-ए में एनसीएल, एमसीएल, सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल हैं तथा पूल-बी में एसईसीएल, सीआईएल, एससीसीएल, सीएमपीडीआईएल, एनईसी डब्ल्यूसीएल हैं।

अवैध रेत माफिया पर जियावन पुलिस का शिकंजा, बिना नंबर ट्रैक्टर जप्त

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 6 जनवरी। जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ जियावन पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। पुलिस ने बिना नंबर के सोनालिका कंपनी के ट्रैक्टर को अवैध रेत परिवहन करते हुए जप्त किया है। यह कार्रवाई एसपी मनीष खत्री के निर्देश और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना जियावन क्षेत्र में लगातार अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी क्रम में 5 जनवरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक बिना नंबर का नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को रोका। जांच के दौरान ट्रैक्टर चालक द्वारा रेत के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। ट्रैक्टर में लगभग 3 घन मीटर अवैध रेत पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 4 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर ही ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। इस मामले में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 303(2), 317(5)बीएनएस एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि अवैध रेत कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रोशनी कुर्मी सहित पुलिस टीम के अन्य जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जियावन पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रेत कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में फरार इनामी तीसरा आरोपी गिरफ्तार

सीधी, 6 जनवरी. सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में 20 हजार रुपये के फरार इनामी तीसरे आरोपी नीलेश रजक को पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया. ऑपरेशन ट्रैप के अंतर्गत भौतिक एवं तकनीकी दक्षता से यह निर्णायक कामयाबी मिली. सामूहिक दुष्कर्म के जघन्य प्रकरण में पूर्व में एक आरोपी एवं एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 20 हजार रुपये का इनामी तीसरा आरोपी नीलेश रजक लंबे समय से फरार चल रहा था.

क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सतना LiFE

Walk in Interview (वॉक इन इंटरव्यू)

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रायोजित कार्य राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम (एन.ए.एम.पी.) अन्तर्गत जिला सतना में स्थापित स्टेशनों के संचालन हेतु अस्थायी नियुक्ति के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित दर पर 01 फील्ड असिस्टेंट की आवश्यकता है।

क्र.	पद	पद संख्या	वेतनमान	योग्यता	अनुभव
1	फील्ड असिस्टेंट	01	रूपये 22000/	Intermediate in Science Stream	संबंधित क्षेत्र में अनुभव

साक्षात्कार दिनांक :- 09.01.2026, साक्षात्कार समय :-11.30 am

साक्षात्कार स्थल का नाम : क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रीवा रोड मैहर बाई पास जिला सतना (म.प्र.)

नोट :- 1. इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन योग्यता एवं अनुभव संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ कार्यालय में दिनांक 09.01.2025 को पूर्वान्ह को 11.30 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित होवे। 2. नियुक्ति हेतु गठित समिति एवं क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना द्वारा लिया गया अंतिम निर्णय मान्य होगा।

सुधांशु तिवारी, क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना (म.प्र.)

नाम व जन्मतिथि सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूलवस मेरे ड्राइविंग लाइसेंस राम सजीवन साहू M.P.19 20070003382 में मेरे पिताजी का नाम R.K.Sahu एवं जन्म तिथि में05/07/1973 लिख गया है. जो कि गलत है .जबकि वास्तविक नाम राम सजीवन साहू पिता सुंदर लाल साहू है एवं जन्मतिथि 07/05/1973 है मेरे आधार कार्ड व अन्य सरकारी रिकॉर्ड में उक्त नाम व जन्मतिथि लिखा है. आज प्रकाशित दिनांक 06-01-2026 से सभी जगह, शासकीय रिकॉर्ड में राम सजीवन साहू पिता सुंदर लाल साहू जन्मतिथि 07/05/1973 लिखा पढ़ा हुआ जाना जावे .जो सही और सत्य है जो सर्वमान्य है.

पता - राम सजीवन साहू, ग्राम तिलौरा पोस्ट भेंड़ा तहसील मैहर जिला मैहर (मध्य प्रदेश) 485001

कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म0प्र0)

प्रथम वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26

केन्द्रीय जेल रीवा के अधीनस्थ समस्त सर्किल जिला जेल - उमरिया, सीधी, बैढ़न एवं सब जेल त्योंथर, मऊगंज, ब्यौहारी बुढ़ार में स्थापित सी. सी. टी. व्ही. सिस्टम के रख-रखाव (ए.एम.सी.) के लिये प्रथम वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक - 13/01/2026 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई - निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है:--

क्र.	विवरण	दिनांक/ समय	स्थान
1.	प्री- बिड मीटिंग	13/01/2026 प्रातः 11.00 बजे	केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)
2.	ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।)	28/01/2026 सायं 05.00 बजे तक	www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
3.	ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	29/01/2026 सायं 05.00 बजे तक	www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
4.	तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि	30/01/2026 सायं 05.00 बजे	www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
5.	वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि	02/02/2026 सायं 05.00 बजे	www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

नोट :-

1. निविदा फार्म, नियम व शर्तें तथा इस निविदा संबंधी अन्य विवरण संबंधी अन्य विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर किया जायेगा, जिसका पृथक से प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।
2. ई- निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा की जावेगी।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

G-24015/25

न्यायालय तहसीलदार तहसील-सिंगरौली जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

आम इस्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिहरा तहसील व जिला-सिंगरौली निवासी आवेदक उत्तम दुबे, वेद दुबे दोंनो पिता प्रभाकर दुबे नाबालिग बलि संक्षरण माता ममता दुबे पत्नी प्रभाकर दुबे द्वारा ग्राम-बिहरा की आराजी खसरा क्रमांक 493 रकवा 0.3600 हे. 520 रकबा 0.3300 हे. कुल किता 02 कुल रकवा 0.6900 हे. व ग्राम बुधेला की आराजी खसरा क्रमांक 299 रकवा 0.1100 हे. 316 रकवा 0.2100 हे., 321 रकवा 0.2500 हे. 368/1 रकवा 0.0400 हे. 525 रकवा 0.3200 हे. 550 रकवा 0.1100 हे. 649 रकवा 0. 1100 हे. कुल किता 07 कुल रकवा 1.1500 हे. तथा ग्राम चोकरा की आराजी खसरा क्रमांक 197 रकवा 0.0200 हे. कुल किता 02 कुल रकवा 0.0200 हे. तहसील व जिला-सिंगरौली जो वर्तमान राजस्व रिकार्ड में उमाकान्त दुबे पिता अम्बिका प्रसाद दुबे के नाम दर्ज है का वसीयतनामा के आधार पर नामातंरण कराये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो विचाराधीन है एवं प्रकरण में मेरे न्यायालय में दिनांक 13.01.2026 पेशी नियत है। उपरोक्त वसीयतनामा के आधार पर विचारित प्रकरण में यदि किसी व्यक्ति/संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 13.01.2026 को (या इससे पूर्व) स्वत व अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत का सकता है। नियत तिथि उपरांत प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार
तहसील सिंगरौली
जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

आवश्यकता

कार्यालय जिला सचिव सरस्वती शिक्षा परिषद म0प्र0

महाकौशल प्रांत मऊगंज

मऊगंज जिले के अन्तर्गत संचालित सरस्वती विद्यालय में रिक्त पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों के आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक उम्मीदवार जिला केन्द्र विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर मऊगंज में आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकतें है।

(1) **शिशु वाटिका दीदी** पद 01 (हिंदी माध्यम) (हायर सेकेडरी 10+2 हिंदी माध्यम से उत्तीर्ण 50% एवं बी.एड/डी.एड.होना अनिवार्य है) (2)**कम्प्यूटर ऑपरेटर** पद 01, (हायर सेकेडरी 10+2 हिंदी माध्यम से उत्तीर्ण 50% एवं पी.जी.डी.सी.ए. होना अनिवार्य है। (3)**व्याख्याता** पद - 07 जीव विज्ञान 02, भौतिक शास्त्र 02, अंग्रेजी 03, (स्नातकोत्तर उपाधि विषयानुसार उत्तीर्ण 60% एवं बी.एड होना अनिवार्य है)

आयु सीमा- न्यूनतम 20 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष,

आवेदन पत्र जमा करनें की अन्तिम तिथि 15 जनवरी 2026 है।

विस्तृत जानकारी हेतु जिला केंद्र विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उ0मा0वि0 मऊगंज से संपर्क कर सकतें है। संम्पर्क सूत्र 9340008938,9424620954, जिला सचिव सरस्वती शिशु मंदिर उ0मा0वि0 मऊगंज जिला मऊगंज

अध्यक्ष राष्ट्रीय जन जाति आयोग के अध्यक्ष 8 को करेंगे वृक्षारोपण व युवा संवाद

सिंगरौली 6 जनवरी। अध्यक्ष राष्ट्रीय जन जाति आयोग अंतर सिंह आर्य के जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार अध्यक्ष आर्य 8 जनवरी को प्रातः 9:30 बजे सर्व प्रथम एक मॉ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे। तत्पश्चात सिकल सेल एनीमिया स्वास्थ्य जॉच शिविर में शामिल होंगे। अध्यक्ष आर्य प्रातः 10:30 बजे आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रातः 11 बजे वनरक्षा समिति वन अधिकारी हितग्राही और पेसा समिति के आदिवासी प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनो के साथ आयोजित सम्मेलन बैठक में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात सिंगरौली स्थित सर्किट हाउस में स्थानीय आदिवासी नेताओ के साथ आयोजित बैठक में शामिल होंगे।

प्रदेश में शीतलहर का कहर कई जिलों में घना कोहरा

तापमान सामान्य से काफी नीचे आया

भोपाल,6 जनवरी. मध्यप्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का असर लगातार बना हुआ है. प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह होते ही कोहरे की मोटी चादर छा जा रही है, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई है.

कई इलाकों में 20 मीटर दूर तक देख पाना भी मुश्किल हो रहा है. न्यूनतम तापमान कई स्थानों पर 4 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है. कम विजिबिलिटी के कारण सड़क और रेल यातायात पर भी असर देखने को मिल रहा है. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा, लेकिन ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. मौसम विभाग के अनुसार गिरवर (शाजापुर), कल्याणपुर (शहडोल), सिवनी, मंदसौर और सीहोर जिलों में शीतलहर का प्रभाव दर्ज किया गया है. वहीं भोपाल और राजगढ़ जिलों में तीव्र शीतलहर की स्थिति बनी हुई है. भोपाल, विदिशा, सीहोर और नरसिंहपुर जिलों में शीतल दिन रहा, जबकि गिरवर (शाजापुर) में तीव्र शीतल दिन दर्ज किया गया. तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो बीते 24 घंटों में भोपाल और उज्जैन संभागों के जिलों में अधिकतम तापमान में 2.4 से 2.8 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है, जबकि इंदौर, चंबल, रीवा और सागर संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 से 3.6 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा. न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail- eepwdkatni@nic.in Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 17/व.ले.लि./2025-26/ कटनी, दिनांक 01/01/2026

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.01.2024 (भवन) तथा दिनांक 11.04.2025 (सड़क) समस्त संशोधन सहित कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैड्यूल के अनुसार खोली जावेगी।

क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	जिला	एस.ओ.आर.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	अनुमानित लागत राशि (रू.लाख में)	कार्य की अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2026_PWDRB_472368_1	कटनी	11.04.25	सडक	झुकेही कैमोर भटूरा मार्ग लंबाई 27.64 कि.मी. (वर्किंग लंबाई 12.0 कि.मी.) में विशेष मजबूतीकरण का कार्य.	प्रथम	423.62	423700.00	15000	4 माह वर्षा ऋतु सहित
2	2026_PWDRB_472369_1	कटनी	11.04.25	सड़क	भुड़सा से संगम टोला मार्ग में विशेष मजबूतीकरण का कार्य लंबाई 6.30 कि.मी.	प्रथम	335.86	335900.00	15000	4 माह वर्षा ऋतु सहित
3	2026_PWDRB_472370_1	कटनी	11.04.25	सड़क	सकरीगढ़ से भदौरा मार्ग में विशेष मजबूतीकरण का कार्य लंबाई 3.80 कि.मी.	प्रथम	208.14	208200.00	15000	3 माह वर्षा ऋतु सहित
4	2026_PWDRB_472371_1	कटनी	11.04.25	सड़क	कुदरा से भुड़सा मार्ग में विशेष मजबूतीकरण का कार्य लंबाई 4.0 कि.मी.	प्रथम	82.72	82720.00	10000	4 माह वर्षा ऋतु सहित
					योग		1050.34			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रूपये 1050.34 लाख (दस करोड़ पचास लाख चौंतिस हजार मात्र)

उपरोक्त वेवसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र कय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 22.01.2026 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी

G-24017/25